दैनिक भास्कर
13-Jan-2019
पटना Page 2

# प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों का भेजें वीडियो



पटना। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट के साथ ही परमिट भी रद्द होगा। परिवहन विभाग ने वाट्सएप नंबर 6202751158 जारी किया है, जिसपर लोग प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का वीडियो भेज कर शिकायत कर सकते हैं। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल शनिवार को यह नंबर जारी किया। उधर शनिवार को हड़ताली मोड़, डाकबंगला, करगिल चौक, सगुना मोड़ और बाइपास पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 152 गाड़ियों से 88500 रुपए फाइन वसूला गया।